[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, बुधवार, 15 अप्रैल 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 200, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

शरीर को स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य है, वरना हम अपने दिमाग को स्वच्छ और मजबूत नहीं रख पाएंगे।

सादगी से समानता का पाठ पढ़ाती .... 02

03 पूरे शरीर पर आंखनूमा ....

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय के अग्रदूत बाबा साहेब को किया नमन

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की



135वीं जयंती के मौके पर अंबेडकर सर्किल स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को सामाजिक न्याय, भेदभाव उन्मूलन और वंचितों, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के लिए बराबरी के अधिकारों का अग्रदूत बताते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर, विधि एवं न्याय मंत्री श्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग, सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक श्री गोपाल शर्मा, श्री बालमुकुंदाचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**टीएसपी क्षेत्र में आयुर्वेद भर्ती में आरक्षण उल्लंघन का मामला**

### सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** टीएसपी क्षेत्र में आयुर्वेद विभाग की भर्ती एवं पदोन्नति में आरक्षण नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद राजकुमार रोत से



मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरिष्ठ कोषाध्यक्ष सोहनलाल फलेजा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मीणा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद रोत ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को अवगत कराया कि वर्ष 2021, 2023 एवं 2024 में टीएसपी क्षेत्र को उसकी जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त पद आवंटित नहीं किए गए, जिससे क्षेत्र के अभ्यर्थियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। संगठन ने आरोप लगाया कि यह स्थिति 24 अगस्त 1995 के प्रावधानों एवं बाद के संशोधनों के विपरीत है, जिससे आरक्षण व्यवस्था का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। सांसद राजकुमार रोत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के समक्ष उठाने तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान हितेश कटरा, रामचंद्र रोत, शंकरलाल मीणा, नरेश मीणा, अनिल हाहरी, बद्रीलाल, जीवराम कोटेड, सुखलाल, शंभूलाल निनामा, शेफाली परगी, चंद्रेश परमार, कसना राम गरासिया एवं रेखा गरासिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद विभाग, ICDS एवं प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा आयोजित

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान सरकार एवं निदेशालय आयुर्वेद विभाग के निदेर्शानुसार जिले में बच्चों में बढ़ते दिमागी बुखार के मामलों को ध्यान में रखते हुए आयुर्वेद विभाग नोडल झल्लारा, क्ठ्ठ्र एवं




प्रारंभिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र झल्लारा, काली पहाड़ी, सिंगपुर तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय काली पहाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों को पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा जंक फूड से दूर रहने और मोबाइल का कम उपयोग करने की सलाह दी गई।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह

# पिछड़े, वंचित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहा विकास : भजनलाल शर्मा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार पिछड़े, वंचित एवंअंतिम पंक्तिके व्यक्ति तक विकास का उजियारा पहुंचाने एवंजीवन स्तर सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय के आदर्शों पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र पर काम कर रही है। हमारी सरकार बाबा साहेब के सपनों को पूरा करते हुए समाज के सभी वर्गों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त एवं सक्षम करने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र विकास में योगदान दें।

श्री शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब की शिक्षा और दृष्टिकोण हमारी डबल इंजन सरकार की कार्यप्रणाली की बुनियाद है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना एवं आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ हमारे पिछड़े और वंचित वर्गों को मिल रहा है।










**पिछड़े एवं वंचित वर्ग का हो रहा सर्वांगीण विकास**

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार के प्रकरणों में 28 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। वहीं, शिक्षा के लिए अनुसूचित जाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 292 करोड़ रुपये व्यय कर 3 लाख 75 हजार विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की गई है। अनुसूचित जनजाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 534 करोड़ खर्च कर 3 लाख 21 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इसी प्रकार अति पिछड़ा वर्ग उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 1 लाख 62 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित-आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना में ढाई हजार से अधिक लाभार्थियों को ऋण वितरित कर लाभान्वित किया गया है।

**अंत्योदय की भावना के साथयोजनाओं का क्रियान्वयन बना मिसाल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की संवेदनशील सरकार ने अंत्योदय की भावना के साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में मिसाल कायम की है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में हमारा राज्य देश भर में अग्रणी हैं। पीएम-जनमन योजना के तहत बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में हम पूरे देश में अव्वल हैं। हमने सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को बढ़ाकर 1 हजार 450 रुपये कर दिया है। हमारी सरकार में पारदर्शिता के कारण सभी भर्ती परीक्षाएं समय से आयोजित हो रही हैं और इससे बड़ी संख्या में आरक्षित वर्ग के युवाओं को लाभ भी मिल रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार वंचित, पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विजन को साकार कर रही है। सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आज पिछड़े वर्ग के उत्थान और सर्वांगीण विकास का आधार बन रही है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन यात्रा पर आधारित दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही, विशेष योग्यजनों को सहायक उपकरणों का भी वितरण किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री श्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा,ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर, वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा, मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग, सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक श्री गोपाल शर्मा, श्री बालमुकुन्दाचार्य, श्री महेन्द्रपाल मीना, श्री रामसहाय वर्मा, मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास सहितविभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का समापन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर स्थित अघोरा उद्यान में 9 से 13 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि यह शिविर कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी के मार्गदर्शन में विवेकानंद स्टडी सर्किल क्लब के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा योग के माध्यम से रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा।



शिविर में लगभग 40 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित योगाभ्यास किया। योगाचार्य योगेश शर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा एवं स्वस्थ दिनचर्या की जानकारी देते हुए योगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. एम.एल. मीणा, डॉ. दिनेश विश्नोई, डॉ. गीतेश विजय, सत्येंद्र पालीवाल सहित अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी नियमित रूप से उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक, आत्मिक एवं सामाजिक संतुलन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव एवं बीमारियों से बचाव के लिए योग और ध्यान अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही इस प्रकार के आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. हरीश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** युगदृष्टा, संविधान निमार्ता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जिले में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर सर्किल पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता निभाई।



कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल सहित अन्य अधिकारियों ने अंबेडकर सर्किल पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

इस मौके पर जिला कलेक्टर ने उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत आधारशिला है तथा उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि संविधान में निहित मूल्यों का पालन करते हुए समाज में समरसता एवं भाईचारे को बढ़ावा दें। साथ ही कहा कि डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी गईं तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर प्रभात फेरी निकाली, बाबा साहेब को किया नमन, संविधान की प्रस्तावना का वाचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** संविधान निमार्ता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निदेर्शानुसार प्रदेश भर में पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विविध आयोजन हुए। उदयपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मंगलवार सुबह प्रभातफेरी व पुष्पाजंलि कार्यक्रम हुआ। विभागीय छात्रावास की बालिकाओं ने प्रभात फेरी निकाली, जो प्रमुख मार्गों से होती हुई कोर्ट चौराहा पहुंच कर संपन्न हुई। यहां जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में पुष्पाजंलि कार्यक्रम हुआ। जिला कलक्टर श्री









अग्रवाल सहित उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, जिला परिषद सीईओ विरमाराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूल और छात्रावासों की बालिकाओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं दोहरान किया गया।

**राज्य स्तरीय समारोह में हुआ छात्रावास का लोकार्पण**

अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी सभागार में हुआ। इसमें संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी एवं जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जयपुर में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के आतिथ्य में हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में नवनिर्मित 10 छात्रावास भवनों का लोकार्पण तथा 17 छात्रावास भवनों का वर्चुअल शिलान्यास किया। इसमें उदयपुर में 280 लाख रूपए की लागत से निर्मित महाविद्यालय स्तरीय आर्थिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास का भी लोकार्पण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला परिषद सीईओ विरमाराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर सहित कई अधिकारी, लाभार्थी तथा आमजन उपस्थित रहे।

**निबंध, पोस्टर, भाषण स्पधाएं**

राज्य सरकार के निदेर्शानुसार अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले में चार दिवसीय आयोजन हुए। इसके तहत जिले भर के विद्यालय एवं महाविद्यालयों, आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों में निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताएं हुई। इसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### आशा भोंसले को संगीत प्रेमियों की भावभीनी श्रद्धांजलि

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर के प्रतिष्ठित 7 स्टार्स ऑर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा सुरों की मल्लिका पार्श्वगायिका आशा भोंसले को



उनके अमर नगमों का गुलदस्ता पेश कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ग्रुप के फाउंडर एवं निदेशक राकेश झंवर ने बताया कि आशा भोंसले का निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में गायक वेद प्रकाश ने पिया तू अब तो आ जा, कन्हैया लाल गन्धर्व ने दम मारो दम, आरिफ अमीन ने ये मेरा दिल प्यार का दीवाना व रात बाकी बात बाकी, राकेश झंवर ने जब छाए मेरा जादू, देव प्रकाश ने जरा सा झूम लूं मैं तथा सी.पी. गन्धर्व ने दुनिया में लोगों को धोखा कहीं जैसे गीत प्रस्तुत कर स्वरांजलि अर्पित की। संगीत प्रेमी चन्द्र प्रकाश गन्धर्व ने अपने उद्बोधन में कहा कि आशा भोंसले की मधुर, बहुआयामी और कालजयी आवाज ने पीढ़ियों के हृदय को स्पंदित किया है तथा भारतीय संगीत को अमरता का स्पर्श दिया है। उनके सुरों की विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदयों में गूंजती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में भूपेंद्र मेनारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**पुलिस थाना ऋषभदेव की बड़ी कार्यवाही**

### अवैध शराब परिवहन पर प्रहार, 35 कार्टून अंग्रेजी शराब व कार जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में पुलिस थाना ऋषभदेव ने अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए



35 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं एक कार जब्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी ऋषभदेव हेमंत अहारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध हुंडई कार दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें से कुल 35 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 02 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शराब एवं कार को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है तथा फरार आरोपी की तलाश जारी है।

**पुलिस थाना बाघपुरा की बड़ी कार्यवाही**

### सोशल मीडिया पर तलवार लहराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में पुलिस थाना बाघपुरा ने सोशल मीडिया पर




हथियार लहराकर आमजन में भय का माहौल बनाने वाले बदमाश के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी झाड़ोल विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी बाघपुरा वेलाराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तलवार लहराते हुए वीडियो अपलोड कर लोगों को भयभीत करने वाले बदमाश की पहचान कर उसे दस्तयाब किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से तलवार भी बरामद की गई।

**गिरफ्तार आरोपी:** पवन पुत्र ननका उर्फ नका उम्र 25 वर्ष निवासी माणस रण फला थाना बाघपुरा जिला उदयपुर।

आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुद्वारे में टेका मत्था, कहा

# सादगी से समानता का पाठ पढ़ाती है सिख परंपरा






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को बैसाखी के पावन अवसर पर जयपुर के प्रताप नगर स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल फसल कटाई का त्योहार नहीं है, बल्कि जीवन में नई उमंग और नई शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसान की मेहनत जब खेतों में लहलहाती है, तो हर दिल में संतोष उतर आता है। श्री शर्मा ने कहा कि सिख समाज ने अपनी सेवा और समर्पण से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने देश के लिए जो बलिदान दिया वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ देश के विकास का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में, करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण एवं 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय ऐतिहासिक है।

उन्होंने कहा कि आज के ही दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना के साथएक ऐसी परंपरा शुरू की थी, जो हमें याद दिलाती है कि सच्चाई के लिए जीना ही मनुष्यता का सर्वप्रथम लक्षण है। वहीं, गुरुद्वारे में एक पंगत में बैठकर प्रसाद पाना सिखाता है कि समाज की असली ताकत मिलकर चलने में ही है। दुनिया में शायद ही कोई और ऐसी परंपरा हो जो इतनी सादगी से समानता का पाठ पढ़ाती हो।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा मुख्यमंत्री को कृपाण भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम मेंविधि एवं न्याय मंत्री श्री जोगाराम पटेल सहित कई जनप्रतिनिधिगण, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सिख समाज के प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पुलिस दिवस समारोह 2026 की पूर्व संध्या पर फतहसागर की पाल पर गूंजेंगी राष्ट्रभक्ति धुनें

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार 16 अप्रैल 2026 को पुलिस लाइन उदयपुर के परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय पुलिस दिवस समारोह 2026 का आयोजन किया जाएगा। समारोह के तहत सेरेमोनियल परेड आयोजित होगी तथा परेड के पश्चात उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारीगण एवं पुलिस कार्मिकों को सर्वोत्तम, अति उत्तम एवं उत्तम सेवा चिन्ह मुख्य अतिथि महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव एवं जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन द्वारा प्रदान किए जाएंगे। पुलिस दिवस के अवसर पर आमजन एवं युवाओं को पुलिस से जोड़ने तथा उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 15 अप्रैल 2026 को सायं 6:00 बजे फतहसागर की पाल पर पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की धुनों का वादन किया जाएगा, जिससे आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार हो सके। इसके अतिरिक्त 15 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रेजीडेन्सी मधुबन में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता तथा सायं 7:00 बजे पुलिस लाइन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट (रजि.) उदयपुर द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के तहत संस्थापक दिनेश माली के नेतृत्व में कोर्ट चौराहा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने तथा समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के प्रसार का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बंशी लाल कुमार, देवेंद्र पटेल, प्रवीण चरपोटा, रमेश मीणा, सूर्य प्रकाश चौहान, मनीष भणात, दिनेश डामोर, शर्मिला माली सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में एडीशनल एसपी मेवाड़ा ने परिंडे लगाकर अभियान की शुरूआत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर पुलिस लाइन में एडीशनल एसपी (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा ने परिंडे लगाकर राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर के परिंडा अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर संचित निरीक्षक गुलाब सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भी पुलिस लाइन परिसर में पक्षियों के लिए घोंसले और परिंडे लगाए। एडीशनल एसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा ने संस्थान के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही पक्षियों के लिए जल व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। ऐसे में परिंडा अभियान सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है।

इस दौरान पुलिसकर्मियों ने नियमित रूप से परिंडों में पानी भरने एवं पक्षियों के लिए दाना डालने की जिम्मेदारी भी ली।



कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रीना जैन सहित संस्थान के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि अभियान की शुरूआत पुलिस लाइन से की गई है तथा इसके तहत आमजन को निःशुल्क परिंडे वितरित किए जाएंगे। साथ ही सार्वजनिक पार्कों एवं अन्य स्थानों पर भी परिंडे लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत इस सीजन में 5000 परिंडे वितरित करने एवं लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर एवं सैयद टूर्स एंड ट्रावेल्स द्वारा राशन वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर एवं सैयद टूर्स एंड ट्रावेल्स उदयपुर की ओर से कौमी एकता के प्रतीक हजरत किबला मस्तान शाह बाबा की याद में खांजीपीर स्थित कार्यालय पर राशन वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत सभी समुदायों के 60 जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क राशन सामग्री वितरित की गई। आयोजन अंजुमन सदर मुख्तियार कुरेशी, हाजी सैयद अमजद अली, मुकेश माधवानी, लंगर खाना सदर शरीफ खां, शोयब सिंधी, हसनुद्दीन पठान, पार्षद राशीद खान, सैयद जिशान अली, हाजी अख्तर हुसैन मलिक, आबिद खां मकरानी, इमरान मुल्तानी एवं ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के सानिध्य



में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का स्वागत एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर के सदर नूर मोहम्मद मकरानी द्वारा माला एवं मोमेंटो देकर किया गया। साथ ही इस वर्ष उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने बताया कि ग्रुप मस्तान शाह बाबा की स्मृति में भामाशाहों के सहयोग से निरंतर जनहित के कार्य कर रहा है और आज उदयपुर शहर में राशन वितरण कर जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान किया गया है।

अंजुमन सदर मुख्तियार कुरेशी ने कहा कि यह ग्रुप समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य करते हुए पूरे संभाग में एक मिसाल कायम कर रहा है।

कार्यक्रम में सहयोग देने वाले भामाशाह सैयद जिशान अली, हाजी मोहम्मद शरीफ चावड़ा, रिजवान खान, हाफिज कादरी, मुकेश माधवानी एवं वसीम खान फरासवाड़ा का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मुस्तफा शेख एवं हाफिज कादरी ने किया, जबकि आभार हाजी अख्तर हुसैन मलिक द्वारा व्यक्त किया गया।

## पुलिस थाना गोगुन्दा की बड़ी कार्यवाही: वृद्ध की हत्या के प्रयास का सनसनीखेज खुलासा, मुख्य आरोपी सहित 02 गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में पुलिस थाना गोगुन्दा ने 65 वर्षीय वृद्ध की हत्या के प्रयास के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मुख्य साजिशकर्ता सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं वृताधिकारी गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में थानाधिकारी गोगुन्दा श्याम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।

प्रकरण के अनुसार दिनांक 02 अप्रैल 2026 को शाम के समय पीड़ित शंकरलाल पालीवाल दूध लेकर वणी से गोगुन्दा लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में आरोपियों ने मोटरसाइकिल आड़े लगाकर उन्हें रोका और लूट के इरादे से चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी उन्हें मृत समझकर




मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने व्यापक स्तर पर जांच शुरू की। करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों और पुराने अपराधियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पूरी साजिश का पदार्फाश किया।

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी लक्ष्मण सिंह और पीड़ित शंकरलाल दोनों दूध व्यवसाय से जुड़े थे। व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और जलन के चलते लक्ष्मण सिंह ने हत्या की साजिश रची। उसने अपने परिचितों के माध्यम से सुपारी देकर अन्य आरोपियों को घटना को अंजाम देने के लिए तैयार किया।

योजना के तहत आरोपियों ने सुनसान स्थान पर घात लगाकर शंकरलाल पर चाकू से हमला किया और उनकी हत्या करने का प्रयास किया।

**गिरफ्तार आरोपी:** टिकमचंद पुत्र मनोहरलाल निवासी रामा थाना सुखेर जिला उदयपुर, लक्ष्मण सिंह पुत्र नाहर सिंह निवासी वणी थाना गोगुन्दा जिला उदयपुर।

**वांछित आरोपी:** मनीष गमेती पुत्र कालु गमेती निवासी रामा थाना सुखेर जिला उदयपुर, वीरेन्द्र सिंह उर्फ विजु पुत्र पनसिंह निवासी खण्डावली उषाण थाना खमनौर जिला राजसमंद, मनोहर सिंह पुत्र गणेश सिंह निवासी वणी थाना गोगुन्दा जिला उदयपुर।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी श्याम सिंह, थानाधिकारी झाड़ोल फेलीराम, सहायक उप निरीक्षक हरिसिंह, विनेश कुमार, भरत सिंह सहित टीम के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई, जिनमें कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, सत्यनारायण, राजेन्द्र, वीरेन्द्र (विशेष भूमिका) शामिल रहे।

## पुलिस थाना केलवाड़ा की बड़ी कार्यवाही: पत्नी की हत्या का आरोपी पति 12 घंटे में गिरफ्तार


पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**राजसमंद।** जिले में पुलिस थाना केलवाड़ा ने सनसनीखेज हत्या प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी पति को मात्र 12 घंटे में गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी कुम्भलगढ़ ज्ञानेन्द्र सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी मनमथ आढ़ा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। घटना 14 अप्रैल 2026 की रात की है, जब चदाणा की भागल तलादरी क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की पत्थर से कुचलकर हत्या करने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को केसीबाई पत्नी नरीगराम भील निवासी चदाणा का वाड़ा तलादरी का शव मिला। मृतका के भाई की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने फॉरेंसिक एवं एमओबी टीम की सहायता से साक्ष्य जुटाए तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरीगराम पुत्र हरजाराम भील को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ब्रह्मा कुमारीज में किया वैज्ञानिक प्रदर्शन

**कोटा @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के थॉट एंड इन्नोवेशन सेंटर द्वारा ब्रह्मा




कुमारीज के आध्यात्मिक अनुसंधान केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लगभग 1300 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल ने विज्ञान एवं अध्यात्म के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रदर्शन के दौरान विभिन्न उपकरणों के माध्यम से मानसिक तनाव, एकाग्रता एवं भावनात्मक स्थिति का परीक्षण किया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि ध्यान एवं साधना का मानव मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में केंद्र की मुख्य समन्वयक डॉ. लता गिदवानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन की सराहना की।

## डॉ. अंबेडकर प्रतिमा शिलान्यास एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न



**मेनार @ पदमावत मीडिया।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति वल्लभनगर द्वारा छात्रावास परिसर में प्रतिमा शिलान्यास एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुखलाल डांगी एवं अध्यक्षता ओंकार लाल मेघवाल ने की। इस अवसर पर विभिन्न अतिथियों की उपस्थिति में बाबा साहेब की प्रतिमा का शिलान्यास किया गया तथा उनके जीवन दर्शन पर विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता एवं महिला शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लोकजन सेवा संस्थान ने मनाई सम्राट अशोक एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** लोकजन सेवा संस्थान द्वारा गुलाब बाग स्थित सरस्वती पुस्तकालय प्रांगण में चक्रवर्ती राज सम्राट अशोक एवं संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जयराज आचार्य ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरा राष्ट्र इन महान विभूतियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है। अध्यक्ष डॉ. विमल शर्मा ने डॉ. अंबेडकर एवं सम्राट अशोक पर आधारित अपनी कविताओं का पाठ किया। मनोहर लाल मुंदड़ा ने




दोनों महान व्यक्तित्वों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सम्राट अशोक की जयंती भी देशभर में व्यापक स्तर पर मनाई जानी चाहिए। जय किशन चौबे ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सार्वजनिक स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 घंटे में करीब 80 सैलानियों ने भी पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में इन्दर सिंह राणावत, हाजी सरदार मोहम्मद, चैन शंकर दशोरा, दिलीप रावत, हिम्मत सिंह वारी, अर्जुन लाल खातूरिया, रायसल सिंह शेखावत, जय किशन चौबे, डॉ. जयराज आचार्य, डॉ. विमल शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं गुलाब बाग में आए नगरवासियों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



# बोर्नियो पीकॉक: पूरे शरीर पर आंखनुमा आकृति

**बोर्नियो पीकॉक फिजेंट साउथ ईस्ट एशिया के मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे देशों घने जंगलों में मिलता है। इनमें भी नर अधिक सजीले होते हैं। यह बेहद संकटग्रस्त प्रजाति है। विश्व में 1700 के आसपास ही ये पक्षी रह गए हैं। यह पक्षी छोटे-छोटे समूह में रहता है। इसका वैज्ञानिक नाम पोली इलेक्ट्रॉन ले यह मचेरी है।**

## कैसा है इनका आहार

बोर्नियो पीकॉक का मुख्य भोजन बेरी, रसीले छोटे-छोटे फल, बीज और रीढ़धारी जंतु जैसे स्लग, घोंघे, मोलस्क, आइसोपोड्स और अन्य प्रकार के कीट पतंगे हैं।

## जमीन पर घोंसला बनाती है मादा

जहां अन्य पीकॉक एक संगमनी होते हैं, वहीं बोर्नियो पीकॉक एक से अधिक मादा पक्षियों के साथ समय बिताते हैं। इनका प्रजननकाल अक्टूबर से मार्च तक चलता है और मादा जमीन पर यह घोंसला बनाती है। इसमें एक या दो अंडे दिए जाते हैं। 20 से 22 दिन बाद अंडे से चूजे निकलते हैं। अब सिर्फ 1700 के आसपास ही बचे हैं यह संरक्षित पक्षी।


## कैसी होती है इनकी बनावट

- नर पक्षियों के पंख चमकीले, चटकीले और पूंछ लंबी होती हैं। ये अपना अधिकांश समय जमीन पर ही बिताते हैं। यही इन पक्षियों की पहचान है। इनके नर अधिकतर सजीले चटक रंगों से युक्त और कलगी से सजे रहते हैं।
- इसका आकार 50 सेंटीमीटर लंबा होता है। यह लाल, बादामी, काले धब्बे और हरे व नीले पंखों वाला पक्षी है। इसकी आंखों के चारों ओर पाए जाने वाली गहरी लाल चमड़ी और नीली आयरिस अलग पहचान देती है।
- छाती के पंख नीले व हरे होते हैं। इसकी पूंछ के पंखों की संख्या 22 होती है।





# इस तश्तरीनुमा म्यूजियम में एक भी पिलर नहीं, सभी खिड़कियां 40 डिग्री कोण पर झुकी हुईं



**बाजील के शहर रियो डी जेनेरियो में स्थित नेतरोई आर्ट म्यूजियम अपनी तश्तरीनुमा बनावट के लिए दुनियाभर में पहचान रखता है। यह आर्ट म्यूजियम 5 साल में 500 वर्कर्स की मदद से 1996 में बनकर तैयार हुआ था। इसे बनाने में 10 लाख टन से अधिक कांक्रीट का उपयोग किया गया था। इसकी सभी खिड़कियां 40 डिग्री झुकी हुई हैं।**

## किसने बनाया


प्रतिष्ठित 'आर्किटेक्ट' मैग्जीन के अनुसार ब्राजील के गुआनबरा समुद्री खाड़ी के किनारे बना यह प्लेटनुमा स्ट्रक्चर का म्यूजियम ब्राजीलियन आर्किटेक्ट ऑस्कर नेमार ने तैयार किया। नेतरोई म्यूजियम को देखने के लिए खासतौर पर दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं।

## किस तरह का है इसका स्ट्रक्चर

यह गोल तश्तरीनुमा शेप स्ट्रक्चर तीन मंजिला है जो 16 मीटर ऊंचा है। इसका आकार 50 मीटर के डायमीटर (व्यास) में बना हुआ है। इसके अंदर बना हॉल हैक्सागोनल यानी छहकोणीय आकार का है। इसमें अंदर एक भी पिलर नहीं हैं। अंदर बड़े से गोलाकार हॉल में एक्जीबिशेस लगाई जाती हैं। इसके चारों ओर एक जैसे आकार की खिड़कियां हैं, जहां से बाहर का दृश्य सुंदर दिखता है। खास बात यह है कि इसकी तश्तरनुमा बनावट के कारण ये सभी खिड़कियां 40 डिग्री झुकी हुई हैं। इसे बनाने के लिए जमीन 12.50 लाख डॉलर में मिली। यह समुद्र की ओर निकली हुई बड़ी सी चट्टान पर बनाया गया है। 2.7 मीटर के बेलनाकार स्ट्रक्चर के ऊपर यह तश्तरीनुमा शेप में हॉल बनाया गया है। इस म्यूजियम में जितने 1 हजार वॉट के हजार से भी ज्यादा बल्ब लगाए गए हैं।

## क्या है खासियत

- इस म्यूजियम तक पहुंचने के लिए 98 मीटर सर्पीली रैम्प बनाई गई है। चढ़कर जाया जाता है।
- एक बड़ी चट्टान के ऊपर बना यह म्यूजियम लाइट हाऊस की तरह एक लैंडमार्क है जो दूर समुद्र से भी दिखाई देता है। इसके ऊपर से पूरे रियो डी जेनेरियो का दृश्य दिखाई दे जाता है। डिजाइनर ऑस्कर का कहना था कि यह चट्टान छोटी होने के कारण इसे तश्तरीनुमा बनाया जाना ही ठीक रहेगा, ताकि कम जगह में भी यह बड़े आकार में बन सके।
- यहां ग्राउंड फ्लोर पर रेस्तरां, बार और 60 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक ऑडिटोरियम भी है। रेस्तरां की खिड़कियां क्षैतिज आकार में इस तरह बनी हैं कि खाड़ी का दृश्य दिखाई देता है। ग्राउंड फ्लोर और ऊपर के फ्लोर के बीच खाली जगह छोड़ी गई है। इसके पहले फ्लोर पर प्रशासनिक कार्यालय और लॉबी बने हुए हैं। इस फ्लोर पर बना शोरूम 393.13 वर्ग मीटर में बनाया है।
- यह केवल म्यूजियम ही नहीं, बल्कि मोन्यूमेंट यानी ब्राजील की पहचान बनाने वाला स्मारक माना जाता है।





# हाइड्रोजन टैबलेट: एक घंटे में एक लीटर दूषित पानी को बना देती है पीने लायक

**टैक्सास विवि के वैज्ञानिक गुईहुआ यू का कहना है कि दूषित जल की समस्या पूरी दुनिया में व्याप्त है। इस समस्या से निपटने के लिए टैक्सास यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने हाइड्रोजनजेल बनाई है, जो दूषित नदी-तालाबों के पानी को पीने लायक बना देगी। इसकी एक गोली से एक लीटर दूषित पानी पीने लायक बन सकता है।**

दुनिया में सिर्फ एक प्रतिशत जल पीने लायक है। एक तिहाई आबादी को साफ पीने लायक पानी नहीं मिल पाता है। यह जल इतना दूषित होता है कि एशियाई अफ्रीकी देशों में कई मौतें सिर्फ दूषित पानी पीने से होती हैं। ऐसे में यह इनोवोशन बहुत अहम है। क्योंकि आज जो पानी साफ करने की तकनीकों का इस्तेमाल होता है उनमें काफी ऊर्जा, मेहनत और समय लगता है। यह उन लोगों के लिए बिल्कुल व्यावहारिक नहीं है जहां इस तरह के काम के लिए संसाधान और प्रक्रियाएं उपलब्ध नहीं हैं।

## कैसे काम करती है गोली

हाइड्रोजन पैराऑक्साइड एक्टिवेटेड कार्बन के कणों के साथ बैक्टीरिया के जरूरी कोशिका घटकों पर हमला कर उनके मैटाबोलिज्म को खराब कर देता है। इस प्रक्रिया में कोई ऊर्जा नहीं लगानी पड़ती है। बाद में हाइड्रोजेल का तत्व जो अपशिष्ट के रूप में बचा रहता है उसे बाद में स्वच्छ पानी होने के बाद आसानी से हटाया जा सकता है।

## क्या अंतर लाएगी तकनीक

एडवांस्ड मटेरियल जर्नल में प्रकाशित इस शोध पर कॉकरेल स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के वाकर डिपार्टमेंट ऑफ मैकेनिकल इंजीनियरिंग और टेक्सास मटेरियल इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेस गुईहुआ यू ने अध्ययन किया है। अध्ययन के अनुसार यह इनोवेशन हाइड्रोजनजेल गोली वैश्विक जल समस्या कम करने में बड़ा अंतर ला सकती है।

## ज्यादा कारगर तकनीक

आज नदी-तालाबों के दूषित पानी को शुद्ध करने का सबसे अच्छा तरीका उसे उबालना या फिर पाश्चुरीकृत करना माना जाता है, लेकिन शोधकर्ताओं का मानना है कि उनकी तकनीक आसान, बहुत कारगर और बड़े पैमाने पर काम कर सकने वाली है। इसी वजह से वह एक गेमचेंजर साबित हो सकती है।

## गोली कैसे है फायदेमंद

- यह खास हाइड्रोजेल हाइड्रोजन पैराऑक्साइड पैदा करती है जिसकी बैक्टीरिया को खत्म करने की कारगरता 99.99 प्रतिशत है।
- साफ पीने लायक पानी उपलब्ध कराने का काम काफी खर्चीला भी है। ऐसी स्थिति में यह हाइड्रोजेल गोली कम खर्च में दूषित जल को पीने के पानी में बदलने में पूरी तरह सक्षम है।



# रोसफिंच: 4500 मीटर ऊंचे पर्वतों पर देते हैं नीले रंग के अंडे

रोसफिंच पक्षी गुलाबी फर के गोले की तरह दिखाई देता है। इसकी हल्की गुलाबी भौंह के कारण इसे गुलाबी भौंह तृती भी कहा जाता है। ये 4500 मीटर तक के ऊंचे ऊंचे हिमालय पर्वतों पर अंडे देते हैं, वो भी सफेद की बजाय नीले रंग के होते हैं। यह तुती (फिंच) परिवार का सदस्य है, जिसकी वजह है इनका 'ट्व्ही दूव्ही का मधुर संगीत। यह डाल पर या इधर-उधर फुदकते हुए मधुर आवाज में काफी देर तक मुखर रहता है।

## नर-मादा के रंग में क्या अंतर

इस प्रजाति के पक्षियों में नर अरे मादा में कोई भी आसानी से अंतर पहचान सकता है। नर तूती के हल्के गुलाबी रंग के पंख माथे पर होते हैं। यही रंग की उसकी छाती और दम भी होते हैं। वहीं दूसरी तरफ मादा तूत्ती गुलाबी रंग की बजाय भूरी होती है। हल्के पीले रंग के भोई, गहरे भूरे आवरण की वजह से इसे आसानी से पहचाना जा सकता है।

## कहां-कहां है इनका बसेरा

आकार में गोरैया जैसी यह तुती 14-15 सेमी लंबी व मात्र 16 से 20 ग्राम वजनी होती है। यह प्रजननकाल का समय 4500 मीटर तक को ऊंचाई पर बिताती हैं। बाकी समय करीब 1200-2700 मीटर की ऊंचाई पर स्थिति गांवों के पास रहकर व्यतीत करती हैं। इनका विस्तार हिमालय में उत्तरी पाकिस्तान से लेकर कश्मीर से होते हुए नेपाल और फिर सिक्किम तथा भूटान तक है।

## कैसा है इनका आहार

तरह-तरह के बीज, छोटे रसीले फल जैसे जंगली बेर/जामुन, छोटी पतियां और जड़ी-बूटियां आदि इनकी खुराक का एहम हिस्सा हैं। यह जमीन पर फुदक-फुदककर दाना चुगती हैं। कई बार तो आसानी से दिखती भी नहीं हैं।

## प्रजननकाल कब, कहां देते हैं अंडे

इनका प्रजननकाल जुलाई से अगस्त के महीनों में होता है। इस प्रजाति में घोंसला मादा तूती द्वारा बनाया जाता है। घोंसले को मुख्य रूप से छोटी टहनियां, सूखे तने, काई, जानवरों के बाल और घास इत्यादि से बनाया जाता है। इन पक्षियों द्वारा घोंसला जमीन से करीब 2 मीटर की ऊंचाई पर किसी पेड़ या इतनी ही ऊंचाई की किसी अन्य जगह पर बनाया जाता है।

## क्या है इनके अंडों की खासियत

हैरानी की बात यह है कि इनके अंडे फिरोजी-नीले रंग के होते है। कभी-कभी इन अंडों पर कुछ भूरे धब्बे भी देखने को मिलते हैं। यह रंग अंडों को बाकी शिकारी जीवों से बचाए रखने में मदद करता है, जिससे कि कोई और प्राणी इनका शिकार न कर पाए। यही नहीं, इन अंडों का रंग इन्हें आवश्यक तापमान बनाए रखने में सहायता करता है। मादा तूती एक बार में 5 अंडे तक दे सकती है।

## 190 साल पहले आयलवर्ड ने देखा था

आईयूसीएन (अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ) ने इन्हें महत्वपूर्ण पक्षियों की सूची में रखा है। हालांकि इस प्रजाति की पहली बार 1831 में निकोलस आयलवर्ड विगर्स द्वारा वर्णित किया गया था। अगली बार जब भी आप हिमालय में स्थित किसी स्थान पर जाएं तो इन पक्षियों को देखना न भूलें।





रिलेशनशिप में आने के सवाल पर शुभांगी ने शेयर की भावनाएं

# ‘अब पका घड़ा हो चुकी हूं’

**छोटे** पर्दे पर आने वाले सीरियल ‘भाबीजी घर पर हैं’ की शुभांगी अत्रे टीवी का बड़ा चेहरा हैं। उन्होंने तकरीबन 10 साल तक सीरियल में अंगूरी भाभी का किरदार निभाया। उन्होंने आईएएनएस से अपनी निजी जिंदगी और भावनाओं से जुड़ी बातें कीं। उन्होंने रिलेशनशिप में आने के सवाल पर भी खुलकर बात की। शुभांगी अत्रे 11 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने कहा, ‘जिंदगी कई चैप्टर के साथ आती है, और इसमें कुछ लोग जाते हैं और कई लोग आकर चले जाते हैं। 20 की उम्र में ऊर्जा ज्यादा होती है, लेकिन सही और गलत की पहचान नहीं होती, जबकि बढ़ती उम्र के साथ फैसले लेने की क्षमता भी बढ़ जाती है क्योंकि आप स्वीकार करना सीख जाते हैं। आपको पता होता है कि जो हो रहा है, वो ठीक ही होगा और इसका कोई न कोई कारण होगा और शिकायतें भी कम हो जाती हैं।’ अभिनेत्री की बेटी यूएस में पढ़ाई कर रही हैं और उससे दूरी बर्दाश्त करना थोड़ा मुश्किल हो रहा है। मां और बेटी के रिश्ते पर बात करते हुए शुभांगी ने कहा, ‘बेटी यूएस में पढ़ रही है और टाइम जोन का इतना फर्क है कि कभी काफी लंबा समय हो जाता है बिना बात किए। मुझे लगता है कि पढ़ाई करना सबसे ज्यादा जरूरी है, जैसे मैं इंदौर से मुंबई आई अपने सपनों को पूरा करने के लिए, वैसे ही अपनी बेटी को उसका सपना पूरा करने के लिए यूएस भेजा है। हर माता-पिता का कर्तव्य है कि वो अपने बच्चों को उड़ने का हौसला दें और आज के समय में हर महिला का सशक्त होना बहुत जरूरी है। शुभांगी अत्रे सिंगल हैं और फिलहाल किसी तरह के रिलेशनशिप में नहीं आना चाहती हैं। अभिनेत्री ने साफ किया कि उनका खुद का अनुभव कहता है कि पति-पत्नी से ज्यादा उन्हें दोस्ती का रिश्ता पसंद है। कभी-कभार बहुत अकेला लगता है, खासकर किसी परेशानी के समय में, लेकिन अब इस उम्र के साथ चीजों से डील करना भी आ गया है। इस उम्र में मुझे लगता है कि आप पका घड़ा बन जाते हैं, जिसे किसी रिश्ते में ढालना मुश्किल होता है।

# लारा दत्ता को याद आए पुराने दिन

**बताया ‘अंदाज’ के सेट का पर कैसा था अक्षय कुमार का व्यवहार?**

**एक्ट्रेस लारा दत्ता ने हाल ही में साल 2003 में रिलीज हुई अपनी पहली फिल्म ‘अंदाज’ को याद किया। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके पहले को-स्टार अक्षय कुमार का उनके और प्रियंका चोपड़ा के प्रति कैसा व्यवहार था?**



लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा दोनों ने ही फिल्म ‘अंदाज’ से अपना डेब्यू फिल्म इंडस्ट्री में किया था। हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में लारा ने अक्षय कुमार की जमकर तारीफ की। साथ ही प्रियंका और अपने शूटिंग के वक्त से जुड़ी कुछ यादें भी ताजा कीं।

## पहले ही जीत चुकी थीं ब्यूटी पेजेंट

फिल्मों में आने से पहले लारा मॉडल हुआ करती थीं। उन्होंने 1997 में मिस इंटरकॉन्टिनेंटल और साल 2000 में मिस यूनिवर्स जैसे ब्यूटी पेजेंट जीते थे। इसी तरह प्रियंका चोपड़ा भी मिस वर्ल्ड 2000 ब्यूटी पेजेंट जीत चुकी थीं। इसके बाद दोनों को डायरेक्टर राज कंवर और प्रोड्यूसर सुनील दर्शन ने फिल्म ‘अंदाज’ के लिए अप्रोच किया जिसमें उनके अपोजिट अक्षय कुमार थे। अब लारा ने बताया कि पहली फिल्म के वक्त उनका और प्रियंका का हाल कैसा था?

## अक्षय ने हमेशा हमें गाइड किया

अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, ‘मैं और प्रियंका दोनों ही फिल्म इंडस्ट्री में नए थे। वहीं अक्षय एक सफल एक्टर थे। जब हम दोनों उनके पास पहुंचे तो उन्होंने हमें देखा। वो समझ गए कि दो लड़कियां अपनी आंखों में सपने लिए आ रही हैं, जिन्हें फिल्म इंडस्ट्री के बारे में कुछ भी नहीं पता। इसके बाद अक्षय ने हम दोनों को काफी गाइड किया। उन्होंने कभी हमारा फायदा उठाने के बारे में नहीं सोचा।’



16 कंटेस्टेंट के साथ नगालैंड में खतरनाक स्टंट

# खुशबू पाटनी और फुकरा इंसान लेकर आ रहे नया रियलिटी शो


**ओटीटी पर नया रियलिटी शो दस्तक देने के लिए तैयार है, जिसका नाम है ‘ट्राइबवर्स।’ इस शो का लेटेस्ट प्रोमो रिलीज कर दिया गया है, जिसमें 16 कंटेस्टेंट नगालैंड में टास्क के साथ-साथ जीवन जीने की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। शो 17 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर टेलीकास्ट किया जाएगा।**

शो का प्रोमो आते ही सुर्खियां बटोर रहा है। लेकिन, शो को अमेजन प्राइम पर आने वाले रियलिटी शो ‘द ट्राइब’ से कंपेयर किया जा रहा है। भारतीय सेना का हिस्सा रह चुकी खुशबू पाटनी और फुकरा इंसान यानी अभिषेक मल्हान शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में नगालैंड की सबसे खतरनाक और वॉरियर ट्राइब के साथ सोशल मीडिया के बड़े 16 धुरंधर जीवन गुजारने वाले हैं। हर दिन नया टास्क होगा। शो के नए प्रोमो में पानी में तैरने से लेकर लकड़ियों के सहारे आग जलाने की जद्दोजहद को दिखाया गया है। शो का पहला प्रोमो ही धमाकेदार है, लेकिन प्रोमो रिलीज के साथ शो की तुलना 2024 में आए ‘द ट्राइब’ से की जा रही है। इस शो में लॉस एंजिल्स के जंगलों में अलाना पांडे, अलाविया जाफरी, सृष्टि पोरी, आर्याना गांधी और हार्दिक जावेरी जैसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को एक साथ रखा गया। शो में खतरनाक टास्क से लेकर सभी के सामने जीवनयापन करने की बड़ी चुनौती थी। इस शो के जरिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को मंच देने का काम किया गया था। शो को काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। अब ऐसे ही कॉन्सेप्ट पर आधारित नया शो ट्राइबवर्स लाया जा रहा है। हालांकि शो में किन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को बुलाया गया है, इसको लेकर खुलासा नहीं हुआ है। इसके साथ की सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस के लिए फेमस खुशबू पाटनी के लिए भी शो बहुत खास है क्योंकि यह उनका डेब्यू शो है। खुशबू अभी तक सोशल मीडिया पर महिलाओं की आत्मरक्षा से जुड़े कंटेंट बनाती थीं और उन्होंने खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए काली मिर्च का स्प्रे भी तैयार किया था।





# Raaka के लिए दीपिका पादुकोण को मिली Allu Arjun से 7 गुना कम फीस?



अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘राका’ का पहला पोस्टर जारी होने के बाद से ही यह लुक और ट्रांसफॉर्मेशन कमाल का है। इस हाई-बजट साइंस-फाई एक्शन फिल्म को लेकर चल रही चर्चा के अलावा एक और मुद्दा भी सामने आया है। खबर आ रही हैं कि दीपिका पादुकोण को इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन से काफी कम फीस मिल रही है। वो भी थोड़ी बहुत नहीं बल्कि सात गुना कम फीस। दीपिका पादुकोण को बॉलीवुड की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है, जो वर्षों से मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मनोरंजन उद्योग पर राज कर रही हैं।

## कितनी है दीपिका पादुकोण की फीस?

डेक्कन क्रॉनिकल की एक रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू अर्जुन को इस फिल्म के लिए लगभग 175 करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं, दीपिका पादुकोण को 25 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। इसके अलावा,रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रश्मिका मंदाना, जिनकी फिल्म की स्टार कास्ट में अभी पुष्टि नहीं हुई है, कथित तौर पर फिल्म में अपनी भूमिका के लिए 5-7 करोड़ रुपये ले रही हैं।

इस रिपोर्ट ने इंडस्ट्री के अंदर मेल और फीमेल एक्टर्स के बीच सैलरी के अंतर को एक बार फिर से जन्म दे दिया है। कई सालों से यह असमानता इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही है, जिसमें महिला अभिनेत्रियों को अक्सर अपने पुरुष को-एक्टर की तुलना में बहुत कम वेतन मिलता है, भले ही वे मुख्य भूमिका निभा रही हों।

## क्या है राका का बजट?

खबरों के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट का बजट 700 करोड़ रुपये है, जो इसे वर्तमान में बन रही सबसे महंगी फिल्मों में से एक बनाता है। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है और हम इसकी सटीकता के बारे में नहीं कह सकते।



# ’डकैत’ के बाद आदिवि ने किया अपनी अगली फिल्म का एलान

आदिवि शेष अभिनीत फिल्म ‘डकैत’ इस शुक्रवार को रिलीज हुई है। इसके साथ ही शुक्रवार को एक्टर ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा भी कर दी है। खास बात यह है कि इसमें वो रश्मिका मंदाना की पिछली फिल्म ‘द गर्लफ्रेंड’ के निर्देशक के साथ काम करेंगे। मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म ‘डकैत’ में काम करने के बाद अब आदिवि शेष अपनी अगली फिल्म पर जुटेंगे। इस फिल्म का निर्देशन हालिया रिलीज रश्मिका मंदाना की फिल्म ‘द गर्लफ्रेंड ’ के निर्देशक राहुल रविंद्रन करेंगे।

## स्टार कास्ट पर नहीं दी कोई जानकारी


अदिवि इन दिनों फिल्म ‘जी2’ की शूटिंग कर रहे हैं। इसे पूरा करने के बाद वो इस अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। फिलहाल फिल्म के नाम को लेकर किसी तरह की कोई घोषणा नहीं हुई। ना ही मेकर्स ने फिल्म की बाकी कास्ट की जानकारी दी है।

# अनिल कपूर की सीरीज ‘24’ के नए सीजन की घोषणा

अनिल कपूर इन दिनों ओटीटी पर छाए हुए हैं। जल्द ही उनकी सीरीज ‘24’ भी रिलीज होगी। जानिए कब और कहां, यह सीरीज दर्शकों को देखने को मिलेगी? ओटीटी पर हाल ही में अनिल कपूर की फिल्म ‘सूबेदार’ रिलीज हुई। अब वह सीरीज ‘24’ का नया सीजन भी लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में वह एक जासूस की भूमिका में होंगे। अनिल कपूर ने इस सीरीज से जुड़ी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है। अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा ‘स्पाई थ्रिलर का यूनिवर्स पलटने वाला है। आ रहा है, एक्शन शो ‘24’। यह सीरीज 24 अप्रैल को जियोहॉट स्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में पहले भी अनिल कपूर नजर आ चुके हैं। अब ‘24’ का नया सीजन दर्शकों को देखने को मिलेगा।

## क्या है सीरीज ‘24’ की कहानी?

अनिल कपूर की सीरीज ‘24’ अमेरिकी जासूसी थ्रिलर का इंडियन वर्जन है। इसमें अनिल कपूर एंटी टेररिस्ट यूनिट के ऑफिसर के रोल में नजर आते हैं। इस सीरीज के दो सीजन दर्शक देख चुके हैं। सीरीज में अनिल कपूर ने जमकर एक्शन भी किया था। इस बार भी उनका यही अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा



स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत – 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।